प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय विद्यार्थी का प्रतिष्ठित कम्पनी में चयन

पन्तनगर 10 फरवरी 2023। विश्वविद्यालय के सेवायोजन परामर्श निदेशालय द्वारा विद्यार्थियों का चेग इण्डिया कम्पनी में चयन किया गया। यह कम्पनी छात्र को ऑनलाइन शिक्षा देती है और छात्र इस प्लेटफार्म के जरियें कुछ प्रश्नों को पोस्ट करतें है तथा कम्पनी उन सभी प्रश्नों को अपने एक्सपर्ट को भेजता है और वो इस प्रश्नों के उत्तर को देते है इस कार्य को बच्चे अपने घर पर रहकर पार्ट टाइम या फुल टाइम काम करके चेग इण्डिया कम्पनी द्वारा ऑनलाइन इनकम कर सकते है तथा इस कार्य को आगे बढानें के लिए विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय में साक्षात्कार के आधार पर 10 विद्यार्थियों क्रमशः मीनल जोशी (एम. टेक सीएस), ललित मोर्या (बी. वी.एस एण्ड एएच), सचिन कुमार सिंह एवं विनिता सिराला (बी.टेक ईई), रितिक गोयल (बी.टेक ईसीई), श्रेया जुयाल (एम.एससी. इन्वारमेंट साइन्स), दिपेश भट्ट (एम.एससी. फिसिक्स), तन्नु अग्रवाल एवं आयुश देवरानी (एम.एस. कमेस्ट्री) तथा पारस कोली (बी.टेक आईटी) का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थी को प्रशिक्षण के उपरान्त लगभग पैकेज रू. 30,000 से रू. 80,000 प्रतिमाह देय होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थी को शुभकामनाएं दी है। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक डा. दीपा विनय ने भी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सफलता की कामना करता है।










